वेबसाइट: www.bankofbaroda.in **ई-मेल:** corp.pr@bankofbaroda.com

स्थान/ Place: **नई दिल्ली** **तारीख/** Date: **30.08.2022**

प्रेस विज्ञप्ति/ Press Release

बैंक ऑफ़ बड़ौदा द्वारा इंटरनेट बैंकिंग की हिंदी सेवा का शुभारंभ

- **सुश्री अंशुली आर्या** (**आई.ए.एस**), **सचिव**, **भारत सरकार**, **राजभाषा विभाग**, **के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में बैंक द्वारा इंटरनेट बैंकिंग की हिंदी सेवा का शुभारंभ किया गया**.
- **सचिव महोदया के हाथों बैंक की वार्षिक राजभाषा कार्य योजना** 2022-23 **का विमोचन**
- **बैंक के वरिष्ठ कार्यपालकों के लिए गृह मंत्रालय के सहयोग से नई दिल्ली में तकनीकी कार्यशाला का आयोजन**

नई दिल्ली: बैंक ऑफ़ बड़ौदा, **अंचल कार्यालय**, **नई दिल्ली द्वारा नई दिल्ली अंचल के वरिष्ठ कार्यपालकों के लिए "तकनीक के साथ**, **राजभाषा का विकास" विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया**. **बैंक द्वारा आयोजित इस भव्य संगोष्ठी की मुख्य अतिथि सुश्री अंशुली आर्या** (**आई.ए.एस**) **सचिव**, **भारत सरकार**, **गृह मंत्रालय**, **राजभाषा विभाग रहीं तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री अमित तुली**, **महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख**, **नई दिल्ली अंचल ने की**.

संगोष्ठी की शुरुआत श्री अमित तुली के स्वागत वक्तव्य के साथ हुई. **स्वागत वक्तव्य के पश्चात् कार्यक्रम में आमंत्रि त मुख्य अतिथि सुश्री अंशुली आर्या** (**आई.ए.एस**), **सचिव**, **भारत सरकार**, **राजभाषा विभाग के द्वारा बैंक की इंटरनेट बैंकिंग की हिंदी सेवा का शुभारंभ किया गया**. **इसके अलावा कार्यक्रम में सचिव महोदया के हाथों बैंक की वार्षिक राजभाषा कार्य योजना** 2022-23 **का भी विमोचन किया गया**.

इस अवसर पर श्री संजय सिंह, **प्रमुख** (**राजभाषा एवं संसदीय समि ति**) **ने बैंक द्वारा शुरु की गई राजभाषा संबंधी पहलों के बारे में विस्तारपूर्वक प्रस्तुति दी**. **तत्पश्चात् सचिव महोदया ने 'राजभाषा कार्यान्वियन में वरिष्ठ कार्यपालकों की भूमिका' विषय पर अपना मार्गदर्शी संबोधन प्रस्तुत किया जिसमें उन्होंने बैंक की प्रस्तुति की सराहना की**. **उन्होंने बैंक की 'भाषायी चौपाल' पहल और राजभाषा में उल्लेखनीय योगदान हेतु वार्षिक कार्य-**

निष्पादन मूल्यांकन में दिए जाने वाले अंकों के प्रावधानों को विशेष तौर पर रेखांकित करते हुए बैंक द्वारा किए गए नवोन्मेषी कार्यों को राजभाषा के क्षेत्र में मील का पत्थर बताया.

इस कार्यक्रम में श्री अमित तुली ने अध्यक्षीय संबोधन में हिन्दी को मन से अपनाने और अंग्रेजी के मोह से उबरने का आग्रह किया. तकनीकी सत्र का संचालन श्री राजेश श्रीवास्तव, उप निदेशक, राजभाषा विभाग और श्री पंकज कुमार वर्मा, मुख्य प्रबंधक (राजभाषा), नई दिल्ली अंचल ने किया. कार्यक्रम का संचालन श्री पुनीत कुमार मिश्र, सहायक महाप्रबंधक, राजभाषा विभाग, प्रधान कार्यालय ने किया. संगोष्ठी में नई दिल्ली अंचल के विभागों के प्रमुख, क्षेत्रीय व उप क्षेत्रीय प्रमुखों सहित अंचल की विभिन्न शाखाओं में शाखा-प्रमुख के तौर पर पदस्थापित कार्यपालकों ने भाग लिया जिनकी कुल संख्या 100 से अधिक रही.

About Bank of Baroda:

Founded on 20th July, 1908 by Sir Maharaja Sayajirao Gaekwad III, Bank of Baroda is one of the leading commercial banks in India. At 63.97% stake, it is majorly owned by the Government of India. The Bank serves its global customer base of over 150 million through over 46,000 touchpoints spread across 18 countries in five continents. Through Its state-of-the-art digital banking platforms, it provides all banking products and services in a seamless and hassle-free manner. The recently launched bob World mobile app provides customers with a saving, investing, borrowing and shopping experience, all under one single app. The app also serves non-customers by enabling account opening through video KYC. The Bank's vision matches its diverse clientele base and instills a sense of trust and security. It is moving well in that direction and bob World is a testimony of its roadmap towards Digital Transformation.

- Visit us at www.bankofbaroda.in
- Facebook https://www.facebook.com/bankofbaroda/
- Twitter https://twitter.com/bankofbaroda
- Instagram https://www.instagram.com/officialbankofbaroda/
- YouTube https://www.youtube.com/channel/UCdf14FHPLt7omkE9CmyrVHA
- LinkedIn https://www.linkedin.com/company/bankofbaroda/

For further information, please contact:

Bank of Baroda contact: Phiroza Choksi | +91 9820363681 | corp.pr@bankofbaroda.com
Perfect Relations - Sneha Joshi | +91 9833004482 | snehaj@perfectrelations.com